Regarding construction of new railway lines in Gujarat-Laid

श्रीमती शोभनाबेन महेन्द्रसिंह बारैया (साबरकांठा) : गुजरात में हिम्मतनगर से खेड़ब्रह्मा और मेहसाणा से हदाद, अंबाजी होते हुए माउंट आबू तक नई रेलवे लाइन का कार्य प्रगति पर है । भारत सरकार द्वारा स्वीकृत यह एक महत्वपूर्ण परियोजना है । माता अंबाजी (51 शक्तिपीठों में से एक) और तरंगा हिल स्थित अजितनाथ जैन मंदिर के दर्शन के लिए यात्रा सुगम होगी । बनासकांठा, साबरकांठा, महेसाणा (गुजरात) और सिरोही (राजस्थान) जिलों के बीच रेल कनेक्टिविटी बेहतर होगी । अहमदाबाद-आबू रोड रेलवे लाइन के लिए यह एक वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध कराएगी । साथ ही क्षेत्रीय कृषि और स्थानीय उत्पादों के परिवहन में तेजी आएगी । मैं माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करती हूँ कि इस परियोजना को शीघ्रता से पूर्ण करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं और साथ ही खेड़ब्रह्मा से हदाद तक 22 किलोमीटर की नई रेलवे लाइन को मंजूरी प्रदान की जाए ताकि साबरकांठा जिले के यात्रियों को माता अंबाजी और माउंट आबू तक सीधी रेल कनेक्टिविटी मिल सके । ये दोनों परियोजनाएँ न केवल यात्रियों की सुविधा और क्षेत्रीय रेल कनेक्टिविटी में सुधार करेंगी, बल्कि गुजरात और राजस्थान के आर्थिक और सामाजिक विकास को भी गति प्रदान करेंगी ।